**खबर संक्षेप**

## सांसद ने जिलेवासियों के लिए की सुख समृध्दि व वैभव की कामना

**छिंदवाड़ा।** धर्म के प्रति विषेष आस्था रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों में लगातार शामिल हो रहे है। इसी के तहत गुरूवार को छिन्दवाड़ा शहर में वार्ड नं. 45 में आयोजित श्रीमद भागवत कथाओं के कार्यक्रमों में पहुंचकर सांसद बंटी विवेक साहू ने कथा वाचकों का आर्षीर्वाद लिया और ईष्वर को नमन करते हुए जिलेवासियों के लिए सुख समृध्दि और वैभव की कामना की है। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कथा स्थलों में बैठकर कथा भी सुनी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रोहित पोफली, मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, सौरभ ठाकुर, श्रीमती लीला बजोलिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक, विशवेन्द्र बैस सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता व श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## जनकल्याण को लेकर सांसद ने लोगों से संवाद कर किया जनसंपर्क

**छिन्दवाड़ा।** मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा शहर में जहा लोगों से संवाद किया वहीं शहर के वार्डों में घुमकर जनसंपर्क भी किया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रमुख लोगों से मुलाकात करते हुए जनसंपर्क अभियान 2026 के तहत मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनकल्याण बदलाव के को लेकर शील्ड देकर सम्मानित भी किया। सांसद बंटी विवेक साहू ने वार्ड नं 48 में ईश्वर सिंह चौरिया के निवास स्थान पर व्यवसायियों एवं कृषकों से संवाद करते हुए उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। सांसद श्री साहू ने वार्ड नं. 42 और 46 में लोगों से जनसंपर्क करते हुए उन्हें मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उन्हें प्रतीक स्वरूप शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रोहित पोफली, मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, सौरभ ठाकुर, श्रीमती लीला बजोलिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक, विशवेन्द्र बैस सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता व परिवारजन व आमजन उपस्थित थे।

### कंपनी लगभग 30 प्रतिशत कार्य ही कर सकी पूरा, प्रशासन ने की कार्यवाही

# जियो मिलर एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ब्लैकलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा




शहरवासियों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत 2.0 योजना के जलप्रदाय कार्य में गंभीर देरी और लापरवाही सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए जियो मिलर एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय लिया है।

कंपनी को बारिश से पहले वितरण लाइन से संबंधित सौंपे गए कार्य का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पूरा करना था, लेकिन जून के दूसरे सप्ताह तक कंपनी केवल करीब 30 प्रतिशत कार्य ही पूरा कर सकी। कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर ने बताया कि कंपनी को समय-समय पर निरीक्षण के दौरान कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई। इसके बाद करीब एक सप्ताह पूर्व भोपाल स्थित संचालनालय को कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृत 2.0 योजना के तहत जलप्रदाय कार्य की निविदा में कंपनी की न्यूनतम दर को राज्य स्तरीय तकनीकी समिति से मंजूरी मिलने के बाद 9 अक्टूबर 2024 को कंपनी के साथ अनुबंध किया गया था तथा कार्यादेश जारी किया गया था। योजना के अनुसार कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई थी, लेकिन अनुबंध के करीब डेढ़ वर्ष बाद भी निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी रही और कंपनी मात्र लगभग 30 प्रतिशत कार्य ही पूरा कर सकी। नगर निगम प्रशासन के अनुसार परियोजना में हो रही देरी का सीधा असर शहर के नागरिकों को मिलने वाली पेयजल सुविधाओं पर पड़ रहा है।




समय पर योजना पूरी नहीं होने से लोगों को बेहतर और नियमित जल आपूर्ति उपलब्ध कराने का लक्ष्य प्रभावित हो रहा है। इसे जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही माना गया है।

आयुक्त सी.पी. राय ने कहा कि अमृत 2.0 जैसी महत्वपूर्ण योजना में ठेकेदार द्वारा अपेक्षित गति से कार्य नहीं किए जाने से शासन की मंशा और आम नागरिकों की अपेक्षाओं को नुकसान पहुंचा है। ऐसी स्थिति में संबंधित कंपनी का ठेकेदारी पंजीयन जारी रखना शासन के हित में उचित नहीं माना गया।

लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक एफ-17-1/2010/बी/19/243 दिनांक 24 मार्च 2015 में निहित प्रावधानों के तहत कंपनी के पंजीयन क्रमांक PWD200043195 को एक वर्ष की अवधि अथवा कार्य पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, काली सूची (ब्लैकलिस्ट) में दर्ज करने की कार्रवाई की गई है।

हालांकि प्रशासन ने कंपनी को अपना पक्ष रखने का अवसर भी दिया है। कंपनी इस निर्णय के विरुद्ध अपना अभ्यावेदन आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्यप्रदेश के समक्ष प्रस्तुत कर सकती है। गौरतलब है कि अमृत 2.0 योजना का उद्देश्य शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करना और नागरिकों तक नियमित एवं स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। परियोजना में हुई देरी को देखते हुए प्रशासन ने इसे जनहित का विषय मानते हुए यह कठोर कदम उठाया है।

### कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग की साप्ताहिक समीक्षा

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में किया गया था, जिसमें प्रभारी अधिकारी स्वास्थ्य विभाग डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल कुमार पटेल, सीएमएचओ, सिविल सर्जन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी सहित मुख्यालय के अधिकारी सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि जिले के सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ), संबंधित कार्यक्रम अधिकारी एवं फील्ड स्तर के सभी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण सूचकांकों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए साप्ताहिक प्रगति लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता का सीधा संबंध आमजन के जीवन से है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें।

# अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई, 60 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिन्दवाडा

प्रभारी कलेक्टर पांढुर्णा श्री अग्रिम कुमार के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी वृत्त पांढुर्णा द्वारा ग्राम नीलकंठ, लवहाना एवं जाटलापुर में अवैध शराब के अड्डों एवं घरों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 60 बल्क लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब जब्त कर आबकारी विभाग द्वारा अपने



कब्जे में ली गई। उक्त प्रकरणों में म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।कार्रवाई के दौरान वृत्त प्रभारी श्री अनिकेत पटेल, आरक्षक श्री मुकेश रहांगडाले एवं श्री अनुराग गोनेकर उपस्थित रहे।

### झिरपा, चावलपानी एवं छिंदी में आबकारी विभाग की सघन कार्रवाई, 950 कि.ग्रा. महुआ लाहन बरामद

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा परिवहन, निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गत दिवस आबकारी विभाग द्वारा वृत परासिया के ग्राम झिरपा, चावलपानी एवं छिंदी सहित अन्य क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान कुल लगभग 950 किलोग्राम लावारिस महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया तथा 40 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त की गई। इसके अलावा 16 केन बीयर, 36 पाव देशी मदिरा एवं 32 पाव ऑफिसर चॉइस मदिरा भी बरामद की गई। जप्त महुआ लाहन एवं मदिरा की कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 5 हजार रुपये आंकी गई है। आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 7 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इनमें 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत होने के निर्देश दिए गए, जिन्हें बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, आबकारी उप निरीक्षक वृत परासिया श्री जीत सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक श्री ओम नारायण बामने, महिला आरक्षक सुश्री प्रियंका सरयाम, सुश्री दीपाली झारिया एवं श्री रवि शंकर कंगाली का विशेष योगदान रहा।

## जेवर चोरी के आरोपी गए जेल

**चांदामेटा / परासिया :-** चांदामेटा में एक सूने मकान से करीब 95 हजार रूपये लागत का जेवर चोरी के आरोप में पुलिस ने 5 लोगों को जेल भेजा । संदेह के आधार पर पुलिस ने इन 5 लोगों को हिरासत में लिया । उसके बाद कोर्ट से रिमांड लेने के बाद सख्ती से पूछताछ की गई । जिसके बाद आरोपियों ने चोरी करना कुबुल किया । आरोपी प्रथम वर्मा , राजू वानखेड़े , मनोज मेंडी , जावेद बेग और पंकज साहू के खिलाफ पुलिस ने बी एन एस की धारा 331(4) , 345(a) और 317 (2) के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया । जहां से उन्हें जेल भेजा गया ।

### मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता: बंटी विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा।** मोदी सरकार के 12 साल विश्वास,विकास एवं जनकल्याण के रहे है। इस दौरान जिले सहित देश व प्रदेश के के करोड़ों लोगों को मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है। अब हमारी जवाबदारी है कि हम मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियों और योजनाओं को हर घर तक पहुंचाएं। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने भाजपा कार्यालय छिन्दवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने भाजपा के मंडल अध्यक्षों और पदाधिकारियों को बताया कि वे निरंतर शहर सहित गांवों में जनसंपर्क कर रहे है। उन्होंने कहा कि पहले जब हम गांवों में जाते तो हमें समस्याओं के सैकड़ों आवेदन मिलते थे, लेकिन अब मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण कार्यक्रमों के दौरान और जनसंपर्क में समस्याओं के आवेदन कम और लाभार्थियों की संख्या अधिक मिलती है। शहर सहित गांवों में लाभार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब हमारा फर्ज है कि मोदी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश संगठन द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी शहर सहित गांव मे पहुंचकर विभिन्न गतिविधियों को संचालन करते हुए उसे सफल बनाएं। इस दौरान जिलास्तरीय बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, छिन्दवाड़ा जिले के प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला सहित अन्य प्रमुख वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान बैठक में प्रमुख रूप से विधायक कमलेश शाह, पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती, विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, लखन वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री विजय पांडे, कमलेश उईके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, विरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती गरीमा प्रतीक दामोदर, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, सौरभ ठाकुर, नवीन बारस्कर, श्रीमती लीला बजोलिया, रमाकांत पटेल, ओम पटेल, पियुष बत्रा, शैलेन्द्र मालवी सहित जिले भर से आए अन्य मंडल अध्यक्षगण और भाजपा के प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व संयोजक एवं बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नन्हें हाथों में सपनों की रोशनी देने का संकल्प बाल श्रम मुक्त समाज की ओर सामूहिक प्रयास

**छिन्दवाड़ा।** बचपन जीवन का वह स्वर्णिम काल होता है, जब आँखों में अनगिनत सपने पलते हैं, मन कल्पनाओं के आकाश में उड़ान भरता है और भविष्य की संभावनाएं आकार लेती हैं। यह वह समय है, जब बच्चों के हाथों में किताबें होनी चाहिए, पैरों में खेल की चंचलता और चेहरे पर निश्छल मुस्कान। समाज का एक कटु सत्य यह भी है कि आज भी अनेक बच्चों का बचपन अभाव, नशा, गरीबी और श्रम के बोझ तले दबा हुआ है। उनके नन्हें हाथ, जो कलम थामने के लिए बने थे, आज मजदूरी के कठिन कार्यों में उलझे दिखाई देते हैं। अनाथों की तरह उनका यह जीवन हमारे समाज की संवेदनहीनता और सामूहिक विफलता का परिणाम है। हर वर्ष 12 जून को मनाया जाने वाला विश्व बाल श्रम दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। हमें स्वयं से यह प्रश्न पूछना चाहिए कि क्या हम अपने बच्चों के लिए ऐसा समाज बना पाए हैं, जहां उन्हें शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानपूर्ण जीवन का अधिकार सहज रूप से प्राप्त हो सके? यदि नहीं, तो यह हमारे लिए चिंता का विषय है। बाल श्रम केवल एक सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि मानवता के मूल्यों के विरुद्ध अपराध है। किसी भी बच्चे को उसकी उम्र से पहले जिम्मेदारियों का बोझ उठाने के लिए विवश करना उसके अधिकारों का हनन है। बच्चों का स्थान कारखानों, दुकानों, ढाबों और खतरनाक कार्यस्थलों पर नहीं, बल्कि विद्यालयों, खेल के मैदानों और परिवार के स्नेहिल वातावरण में होना चाहिए। हमारा श्रमोदय विद्यालय इस भावना का मूल स्वरूप हैं। कोई बच्चा जब मजदूरी करता है, तब केवल उसका वर्तमान ही नहीं, बल्कि उसका भविष्य भी प्रभावित होता है। उसके सपने सीमित हो जाते हैं और उसके विकास की संभावनाएं बाधित हो जाती हैं।

# पार्टी के कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक पहुंचाएं, संगठन की जानकारी शक्ति केंद्रों तक अवश्य पहुंचे: आदित्य शुक्ला

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी की मासिक जिला कामकाजी बैठक गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में जिला संगठन प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद विवेक बंटी साहू एवं विधायक कमलेश शाह की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला ने संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अब तक आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की तथा आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों का संचालन पूरी जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ किया जाए। मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी नियमित रूप से मंडल बैठकों में उपस्थित रहें तथा पार्टी की गतिविधियों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला बैठक में प्राप्त जानकारी शक्ति केंद्रों एवं बूथों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों का संचालन बूथ स्तर तक किया जाए। सांसद विवेक बंटी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास की झलक आज गांव-गांव में स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के दौरान यह अनुभव हुआ कि प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी सरकारी योजना से लाभान्वित हो रहा है।

## बंद मकान में अवैध रूप से छुपाकर रखी 120 बोरी खाद जब्त

### पुलिस ने आरोपी पर दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏩ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत नवेगांव थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत आवरिया के ग्राम श्रीझोत में कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भण्डारित भारी मात्रा में उर्वरक (खाद) जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी अनुसार, अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक प्रमोद सिंह उट्टी को सूचना मिली थी कि ग्राम श्रीझोत निवासी दौलत महलवंशी ने अपने घर में अवैध रूप से खाद का स्टॉक छुपा कर रखा है। खरीफ सीजन के तहत चलाए जा रहे विशेष उर्वरक गुण नियंत्रण अभियान के तहत कृषि और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने 4 जून गुरुवार की देर रात करीब 10 बजे आरोपी के घर पर दबिश दी गई।

शुरुआती पूछताछ में आरोपी दौलत महलवंशी ने खुद को अनाज व्यापारी बताते हुए खाद का कारोबार करने से साफ इनकार कर दिया और काफी देर तक टीम को



गुमराह करता रहा। घर की सामान्य तलाशी में कुछ न मिलने पर टीम को संदेह हुआ, जिसके बाद देर रात उसके परिवार के अन्य मकानों की भी तलाशी ली गई।

### बंद मकान के झरोखे से दिखीं बोरियां

रात के करीब 2.30 बजे जब टीम आरोपी के चाचा दिवंगत चिंतामन महलवंशी के एक बंद पड़े मकान के पास पहुंची, तो टीम के सदस्य ईश्वर प्रसाद पवार ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर दरवाजे के बगल के झरोखे से अंदर देखा, अंदर खाद की बोरियां नजर आने पर आरोपी से चाबी मंगवाकर ताला खोला गया। मकान के अंदर से 110 बैग यूरिया चंबल फर्टिलाइजर एवं एचयूआरएल कंपनी और 10 बैग डीएपी एचयूआरएल कंपनी अवैध रूप से भण्डारित पाई गई। जब्त की गई कुल 120 बोरियों की कीमत लगभग 42815 रुपये आंकी गई है। आरोपी के पास खाद बेचने या भंडारण करने का कोई भी वैध लाइसेंस या दस्तावेज नहीं मिला। कृषि अधिकारी की लिखित शिकायत पर नवेगांव पुलिस ने आरोपी दौलत महलवंशी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 7 के तहत उल्लंघन का मामला दर्ज किया है।

मामले की आगे की विवेचना उपनिरीक्षक तरुण सिंह मरकाम द्वारा की जा रही है। कार्यवाही के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी परासिया प्रमोद सिंह उट्टी, कृषि विस्तार अधिकारी जुन्नारदेव ईश्वरी प्रसाद पवार, पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक लखन लाल सरयाम, आरक्षक रामकिशोर धुर्वे, स्थानीय समिति प्रबंधक मनोज प्रजापति उपस्थित रहे।



# जल आपूर्ति को लेकर हर विधान सभा के गांव बेहाल

## पेयजल की समस्या को लेकर जनपद पंचायत पहुंचे ग्रामीणजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधान सभा की उप तहसील उमरेठ के क्षेत्र आमाटोला के निवासी अपनी पेयजल समस्या को लेकर जनपद पहुंचे और जनपद उपाध्यक्ष जमील खान को जनपद सीईओ के नाम ज्ञापन सौपा । ग्रामीणों ने अपनी पेयजल समस्या को रखते हुआ कहा , कि हमारे ग्राम में पेयजल के लिए बोर कराया गया , लेकिन एक स्थान पर पत्थर लगने के कारण बोर सफल नही हुआ तो वहीं दूसरे स्थान पर एक हजार फीट बोर कराने के वाबजूद पानी प्राप्त नही हुआ । जबकि जहां मात्र 80 फीट में पानी प्राप्त होने के संकेत प्राप्त हुए ही थे , कि बोर मशीन राजनीतिक दबाव के चलते बंद करा दी गई । पेयजल की गंभीर समस्या से आमाटोला वार्ड क्र 17 के निवासी परेशान हैं दूर - दराज के दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों से पेयजल लाने को मजबूर है । निर्मित नलकूपों से भी जलस्तर गिरने के कारण पेयजल प्राप्त नहीं हो पा रहा है ।उमरेठ से आए 40, 45 महिला पुरुष की व्यथा को सुनने के पश्चात जनपद उपाध्यक्ष जमील खान ने कहा , कि जनपद सीईओ की अनुपस्थिति में ग्रामीणों की समस्या से ग्रामीणों ने अवगत कराया है जिस पर मेरे द्वारा समस्या के निदान हेतू उच्च अधिकारियों को तत्काल अवगत कराते हुए ग्रामीणों की पेयजल की समस्या हेतू ठोस कदम उठाए जाएंगे । ग्रामीणों को किसी भी स्थिति में पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा ।

## वार्डवासियों ने की दूषित पानी की शिकायत नाला सफाई की रखी मांग

**परासिया** :- परासिया वार्ड 10 के वासियों को पानी सप्लाई के दौरान गन्दा दूषित पानी सप्लाई होने पर वार्ड वासी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और शिकायत की । साथ ही बारिश से पूर्व स्टेशन रोड पर स्थित बड़ी पुलिया की सफाई की मांग रखी ।वार्ड 10 के वार्ड वासियों ने बताया , कि परासिया में पहले ही 12 से 15 दिनों में पानी सप्लाई हो रहा है । उसमें भी विगत दिनों जो पानी सप्लाई हुआ , वो कीचड़ युक्त और बदबूदार पानी लोगों को मिला । जिसका उपयोग करना खतरे से खाली नहीं हुए हैं । इसके अलावा उन्होंने बताया , कि स्टेशन रोड पर जो बड़ी पुलिया स्तिथ है । वह टूट गई है । उसकी सफाई नहीं होने से पानी की निकासी नहीं हो रही है । पानी सड़ांध मारने लगा है । नाले की गहराई कम होने से पिछली बारिश में पानी ओवर फ्लो होकर लोगों के घरों में घुस गया था । सफाई नहीं होने से मच्छर पनप रहे हैं । जिससे मलेरिया , डेंगू फैलने की आशंका बनी हुई है । जिसकी सफाई शीघ्र कराने की मांग रखी गई है ।

## प्रधानमंत्री मोदी के ऐतिहासिक 4399 दिनःहनुमान लोक में सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन

**सौंसर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक 12 वर्ष (4399 दिन) का ऐतिहासिक कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर, हनुमान लोक जामसांवली धाम में एक भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ।इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए विशेष पूजा-अर्चना और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने इस पावन अवसर पर संकटमोचन हनुमान जी के चरणों में शीश नवाया और देश की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल को 'विश्वास से विकास' और 'सेवा से सिद्धि' का साक्षात प्रमाण बताया। उन्होंने कहा, ₹बजरंगबली का आशीर्वाद हमारे प्रधानसेवक पर सदैव बना रहे, ताकि वे राष्ट्र सेवा के अपने संकल्प को इसी तरह ऊर्जा के साथ पूरा करते रहें। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले,रामेश्वर खोडे मंदिर कमेटी अध्यक्ष अध्यक्ष गोपाल शर्मा,सचिव टीकाराम कारोकर,प्रकाश बंटी छागानी प्रभाकर बोबडे शिवम जानभोर,माधव पाटिल, सतीश बांबल, पंकज नाईक, प्रफुल देवतले, विजयराव आखरे, नामदेव बोबडे, विजय वराठे और गजानन किनकर आदि थे।



## सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन



**दमुआ।** श्री श्री अनुसुईया माता मंदिर समिति हनुमान टेकड़ी हनुमान दफाई के तत्वाधान में 11 नवम्बर शुक्रवार से 17 नवम्बर तक 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा एवं पोथी ज्ञानयज्ञ का आयोजन होने जा जा रहा है जिसमें वृंदावन श्री धाम वृंदावन से पधार रहे देवकीनंदन ठाकुर जी के षिष्य श्री अनुग्रह सागर जी महाराज अपने मुखारविंद से कथा का रसपान करायेगें कथा के ठीक 1 दिन पहले भव्य कलष यात्रा निकाली जाएगी जिसका नगर भ्रमण कर वापस मंदिर में कलष यात्रा का समापन किया जाएगा समिति द्वारा नगर के सभी धर्मप्रेमियो श्रद्धालु भक्तो से संगीतमय कथा का श्रवण करने के लिये अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है। दिनांक 11.11.2022 को प्रथम दिवस प्रथम अध्याय में महाराज श्री के द्वारा कथा का वर्णन करते हुये सभी को रसपान कराया गयाऔर दिनांक 12.11.2022 दिन शनिवार को कथा का दूसरा अध्याय श्रीमदभागवत ज्ञानयज्ञ कथा श्री कृष्ण जी की कथा का वर्णन विस्तार पूर्वक किया गया जहां प्रतिदिन कथा को सुनने भारी संख्या में भक्तश्रद्धालु भक्तप्रेमी नागरिक जन दूर-दूर से कथा को सुनने भारी संख्या में पहुंच रहें है। और पूण्य लाभ अर्जित कर रहें है।

## राष्ट्रीय ओबीसी महिला महासंघ की बैठक संपन्न



**छिंदवाड़ा।** जिला माली समाज विकास परिषद छिंदवाड़ा बरारीपुरा में राष्ट्रीय ओबीसी महिला महासंघ की बैठक का आयोजन माली समाज महिला कार्यकारिणी की अध्यक्ष लकी चोरकर, महामंत्री शुभांगी घोरसे, कार्यवाहक अध्यक्ष लक्ष्मी दास के नेतृत्व में राष्ट्रीय ओबीसी महिला महासंघ जिला अध्यक्ष निरुपा ब्रम्हे की उपस्थिति में संपन्न हुई । जिसमें अतिथि राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ मध्यप्रदेश अध्यक्ष रत्न माला पिसे ने राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ का 11 वां महाअधिवेशन बैंगलोर कर्नाटक में 07 अगस्त 2026 को आयोजित होने की जानकारी दी। ओबीसी वर्ग के अनेक सामाजिक मुद्दों पर न्याय मिले। जिसके लिए सभी समाज जो भी ओबीसी वर्ग में शामिल हैं, एकता का परिचय देते हुए जातिगण जन गणना में ओबीसी वर्ग का कालम नहीं होने से ओबीसी पर ही अन्याय की मंशा साफ नजर आ रही हैं। मध्यप्रदेश में 13 प्रतिशत होल्ड हटाने को लेकर भी सरकार सिर्फ तारीखे ही बढ़ा रही है। ओबीसी वर्ग को भ्रम जाल में फंसाकर सरकार का रवैया साफ नहीं है। सबसे अधिक अत्याचार शोषण वर्तमान में ओबीसी वर्ग का हो रहा हैं, जिससे सभी आहत हैं । ओबीसी वर्ग के हित के मुख्य मागों को लेकर समाज में जागरूकता के साथ हमारे संविधानिक आधिकारों को हमें समझना होगा और निडरता से हक के लिए खड़े होकर उचित मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करना होगा। बैठक में उपस्थित मुख्य रूप से मनोरमा सातपुते संगिता चरपे, सुमन भुसानकर, दुर्गा बारमासे, संगीता घोरसे, आशा सातपुते, रेखा आलोनकर सभी ने अपने अपने विचारों को व्यक्त करने के पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी क्रांति वीर महात्मा ज्योतिबा फुले व क्रांति ज्योती सावित्री बाई फुले के विचार धाराओं को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# पुलिस एवं भारतीय सेना में चयनित 9 युवाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



गुरुवार 11 जून को कन्हान वैली स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में एहसान डिफेंस फिजिकल अकादमी द्वारा पुलिस एवं भारतीय सेना में चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अकादमी संचालक एवं फिजिकल कोच एहसान खान द्वारा किया गया।

समारोह में मध्यप्रदेश पुलिस में कांस्टेबल पद पर चयनित मोहित सल्लाम, सचिन यदुवंशी, अनिकेत, संदीप साहू, अश्विनी यदुवंशी, निकिता मांडवार, पलक बरबड़े एवं मोनिका जवारे सहित भारतीय सेना में चयनित रंजीत उईके का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डुंगरिया हाई स्कूल की पीटीआई पूर्वी कुमरे रहीं। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अनुशासन, मेहनत और निरंतर प्रयास को सफलता की कुंजी बताया। इस अवसर पर नयन जायसवाल, बाबूलाल साहू, बसीर खान, बसंत शर्मा, दीपक सोनी एवं धर्मेंद्र विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय फिजिकल कोच एहसान खान को देते हुए उनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ सिंह चौहान एवं अनिल पाटिल ने किया। वहीं आयोजन को सफल बनाने में योगेश नागेश, शुभम कुमरे एवं कमलेश मसराम का विशेष योगदान रहा।गौरतलब है कि एहसान डिफेंस फिजिकल अकादमी पिछले 12 वर्षों से कन्हान वैली स्टेडियम डुंगरिया में संचालित की जा रही है।

## नशा मुक्ति रैली से दिया सामाजिक संदेश

**सौंसर।** नगर के गायत्री शक्तिपीठ, सिविल लाइन में आयोजित पांच दिवसीय 'कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन शिविर' का गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। शिविर में अध्यात्म, भारतीय संस्कृति, कला और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।समापन अवसर पर 200 से अधिक कन्याओं ने एक विशाल 'नशा मुक्ति रैली' निकाली। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी इस रैली में बेटियों ने नारों के माध्यम से समाज को जागरूक किया। उन्होंने नशा नाश की जड़ है भाई, इसका फल अति दुखदाई₹और बीड़ी पीकर खास रहा है, मौत के आगे नाच रहा है। जैसे प्रभावशाली नारों के साथ नशामुक्त समाज की अपील की। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में विधायक विजय चौरेपूर्व शिक्षा राज्य मंत्री नाना मोहड़,नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा डागा,पीपला नगर पालिका अध्यक्ष अरुणा चौधरी** मुख्य रूप से उपस्थित रहे।अतिथियों ने शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के समय में संस्कार, संस्कृति और धर्म की शिक्षा केवल बेटियों को ही नहीं, बल्कि बेटों को भी दिए जाने की नितांत आवश्यकता है।

## अधिकमास पर माँ भवानी माता मंदिर में विशेष अनुष्ठान, मातृशक्ति का किया सम्मान



**सौंसर।** सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी माने जाने वाले 'अधिकमास' के अवसर पर स्थानीय माँ भवानी माता मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। मंदिर समिति द्वारा विधि-विधान से माँ जगदंबा की विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस पुण्य अवसर पर मंदिर समिति ने 'मातृशक्ति' के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए एक सराहनीय पहल की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं का मुँह मीठा करवाकर उन्हें साड़ी और वस्त्र भेंट किए गए। मंदिर समिति के सदस्यों ने सभी महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सनातन परंपरा में वस्त्रदान को करुणा, सम्मान और मानव सेवा का प्रतीक माना जाता है, जिससे समाज में सद्भाव, आत्मीयता और संस्कारों का संदेश प्रसारित होता है। मंदिर के गर्भगृह में विशेष प्रार्थना की गई। समिति के पदाधिकारियों ने माँ भवानी के श्रीचरणों में क्षेत्र की सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य के लिए मंगल कामना की। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि माँ जगदंबा की असीम कृपा से प्रत्येक परिवार में वैभव, सौभाग्य और धार्मिक चेतना का निरंतर प्रकाश बना रहे। कार्यक्रम में चिंतामन डाहाके, सुभाष गुप्ता,अरविंद डाहाके,नामदेव इवनाती,रूपराव पुसदकर,विवेक गौतम, श्रीमती वंदना इवनाती आदि थे।

## एसडीएम ने विकास खण्ड स्तरीय शिक्षकों की ली समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के सभागार में एसडीएम ने विकास खण्ड स्तरीय शिक्षकों की समीक्षा बैठक ली शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत विद्यार्थियों तक पहुंचाए। एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, विद्यार्थियों के नामांकन, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा निर्माण कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई समीक्षा के दौरान कक्षा एक में नवीन प्रवेश, कक्षा आठ से नौ एवं कक्षा दसवीं से ग्यारहवीं में विद्यार्थियों के ट्रांजिशन, अपार आईडी निर्माण, एमपीटास पोर्टल पर लंबित छात्रवृत्ति प्रकरणों के निराकरण, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरण, एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर पोस्ट वेरिफिकेशन, ऑनलाइन उपस्थिति, व्यावसायिक शिक्षा, जर्जर भवनों की स्थिति, अतिरिक्त कक्षों की आवश्यकता, इंटरएक्टिव पैनलों के उपयोग तथा पीएम श्री एवं समग्र शिक्षा अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की केमिस्ट्रीकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही ₹एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0₹ के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विकास खण्ड शिक्षा शिक्षा अधिकारी गणेश प्रसाद सोनी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कियाबैठक को संबोधित करते हुए कहा शासन की प्राथमिकता वाले सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन, नियमित उपस्थिति एवं शैक्षणिक उपलब्धियों में सतत सुधार सुनिश्चित किया जाए तथा विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक शत-प्रतिशत पहुँचाया जाए।

# ग्राम झंझागी में बुद्ध विहार का लोकार्पण व डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम

**कार्यक्रम के उद्घाटक पूज्य भदंत धम्म तप कार्यक्रम अध्यक्षता अधिवक्ता संजय खोबरागड़े व मुख्य अतिथि संजय बोरकर के हस्ते होगा लोकार्पण एवम अनावरण , एक शाम संविधान के नामहोगी कव्वाली**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



तहसील मुख्यालय कटंगी से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत झंझागी में 13 जून 2026 को जीवन वाती मां सार्वजनिक बुद्ध विहार समिति झंझागी के तत्वाधान में परम पूज्य डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा स्थापित समता सैनिक दल के 100वें वर्षगांठ के अवसर पर बुद्ध विहार का लोकार्पण एवं सम्यक समबुद्ध व परम्पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण व भिक्षु निवास का उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्षता एडवोकेट डॉक्टर संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय बोरकर (बामसेफ) दिल्ली, विशेष अतिथि दलित मेश्राम (अध्यक्ष तहसील बौद्ध संघ तिरोड़ी),कपिल मेश्राम (सभापति नगर परिषद कटंगी) ,महेंद्र हिरकने (तहसील अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ तहसील शाखा कटंगी), संजय शेन्डे ( अध्यक्ष डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी ) , भोजराज वासनिक,(सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता) डी डी गजभिए (नगर अध्यक्ष जिला बौद्ध संघ कटंगी), रामचंद्र मेश्राम ,(सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता) प्रदीप ऊके (पूर्व जिला अध्यक्ष समता सैनिक दल बालाघाट) भीम प्रकाश बोरकर (जनपद सदस्य) यशवंत गणवीर (सचिव परम्पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह कटंगी) चन्द्रप्रभा युवराज वाघाडे (सरपंच ग्राम पंचायत झंझागी) विशेष आतिथ्य में संपन्न होगा।

बालाघाट जिले के इतिहास में ये इबारत स्वर्ग अक्षरो से लिखी जावेगी ग्राम के निवासी डॉ. बी एल चौहान (सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता) के द्वारा सेवानिवृत्त होने के उपरांत प्राप्त राशि से भव्य बुद्ध विहार का निर्माण करवाया व तथागत सम्यक संबुद्ध व परम्पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा क्रय कर स्थापित किया है। ज्ञात हो कि आरक्षण से जिले में अनेको अधिकारी व कर्मचारी बने किन्तु 20 लाख रुपये की राशि व्यय कर किसे ने भी निर्माण नहीं किया है।कार्यक्रम 3 बजे से 5 बजे विशाल धम्म रैली गांव का भ्रमण करेगी। शाम 5 से 6 बजे नवनिर्मित बुद्ध विहार का लोकार्पण तथा तथागत सम्यक संबुद्ध व परम्पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा व भिक्षु निवास का होगा।उद्घाटन 6 बजे से 8 बजे तक मंचीय उद्बोधन रात्रि 10 बजे राखी ताज की होगी।

कव्वाली समिति के अध्यक्ष महेंद्र मेंश्राम, उपाध्यक्ष सुरेंद्र गजभिए, प्रकाश चौहान, सचिव निर्दोष नागदेवे, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार चौहान, प्रचार मंत्री रामदास गजभिए, साधुराम भालाधरे, योगराज मेश्राम, हर्षल गजभिए, अंकित मेश्राम सहित अनेकों सामाजिक धार्मिक बंधुओं ने आव्हान किया कि अधिक से अधिक तादाद में शरीक होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## पीएम स्वनिधि योजना से आत्मनिर्भर बनीं लांजी की राखी गजबे, क्लॉथ स्टोर से कमा रही हैं नियमित आय

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यवसायियों के लिए वरदान साबित हो रही है। नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 02 की श्रीमती राखी गजबे ने इस योजना का लाभ लेकर अपना क्लॉथ स्टोर स्थापित किया और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की। राखी गजबे बताती हैं कि कोरोना महामारी के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई थी और कोई स्थायी आय का साधन नहीं था। क्लॉथ स्टोर खोलने का सपना पूंजी के अभाव में अधूरा था। नगर परिषद लांजी के माध्यम से स्वनिधि योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया और पहले चरण में ऋण प्राप्त कर व्यवसाय शुरू किया। समय पर ऋण चुकाने और व्यवसाय को सफलतापूर्वक चलाने के कारण उन्हें अगले चरणों में भी ऋण मिला। वर्तमान में उन्हें तीसरे चरण में 50 हजार रुपये का ऋण मिला है, जिससे उन्होंने व्यवसाय का विस्तार किया। आज उनका क्लॉथ स्टोर लांजी के सुभाष चौक में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है और उन्हें नियमित आय मिल रही है। राखी को 'मैं भी डिजिटल' और 'स्वनिधि से समृद्धि' योजनाओं का भी लाभ मिला है, जिससे उनके व्यवसाय को और मजबूती मिली है।राखी ने योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया और आज वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।



# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तह.संस्था किरनापुर ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र.तह. शाखा किरनापुर ने एसडीएम की अनुपस्थिति में प्रभारी तहसीलदार सुश्री बबीता सूर्या को अपनी 6सुत्री मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा पेंशनर्स की लंबीत न्यायोचित मागों का शीघ्र निराकरण करने प्रदेश के 5 लाख पेंशनर्स की ज्वलत लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवार में घोर निराशा एवं असतोष व्याप्त है। यहां तक की केन्द्र की देय तिथि से ना तो मंहगाई राहत दी जाती है और न ही स्वास्थ्य संबंधी लाभ दिये जा रहे है। इससे पेंशनरों का मनोबल गिरा है, निराशा हताशा ही उनके हाथ लगी है। तथा वे अभाव ग्रस्त जीवन जीने के लिये मजबूर है। पेशनर्स की मुख्य मांगेः- म.प्र.राज्य पुर्नगठन अधिनियम की धारा 49(6) को अविलंब समाप्त किया जावे।2. अभी राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार केशलेस बीमा की योजना लागू की जा रही है परन्तु प्रीमीयम के रूप में कर्मचारी से 1 प्रतिशत और पेंशनर्स से 4 प्रतिशत लेने का प्रावधान किया गया है। निवेदन है कि या तो पेंशनर्स से कोई भी प्रीमियम नहीं लिया जावें अथवा कर्मचारीयों से अधिक लेना तो अन्याय पूर्ण है।3. पेशनर्स को देय आर्थिक लाभ 4,6,8, माह बाद अथवा 1 वर्ष बाद भी मुश्किल से दिये जाते है। पेंशनर्स के दिये जाने वाले लाभ विलब से दिया जाना पेंशनर्स के हक पर डाका डालने जेसा है पेशनर्स को एरियर नही दिया जाता यह घोर अन्याय है। पेंशनर्स को समय पर लाभ दिया जाना अनिवार्य है। 4. छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट एवं अन्य न्यायालयों द्वारा निर्देश दिये गये है कि म.प्र. के पेंशनर्स को केन्द्र की तिथि से ही लाभ दिया जावे जिसके लिये उच्च न्यायालय द्वारा म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिवों को निर्देश दिये है कि कोरोनाकाल का एरियर, छटवे वेतन मान का 32 माह का एरियर एवं 7 वें वेतन मान का 27 माह एरियर का भुगतान किया जावे इस पर अविलंब कार्यवाही की जाना अपेक्षित है। यह लाभ 6 प्रतिशत ब्याज की दर से दिया जाये।5. पूर्व में दिये गये माननीय न्यायालयीन निर्णयों को मान्य किया जावे तथा 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत लाभ दिया जाता है। इसे 79 वर्ष पूर्ण होने पर दिया जाये।6. कर्मचारीयों की तरह पेंशनर्स को उपादान राशि का भुगतान किया जाये

पेंशनर्स की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर निराकरण करनेका कृष्ट करें। ज्ञापन देने में तहसील अध्यक्ष डीडी मेश्राम, शंकर सिंह कछवाह, आर पी मिश्रा, उदय राम भारद्वाज, व्ही एन मेश्राम संरक्षक मंडल,उपाध्यक्ष भूपेंद्र अजीत,सचिव अ. मुकीम कुरेशी, कोषाध्यक्ष पवन कुमार बिसेन, प्रवक्ता खुमेश अजीत, संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, चैन लाल बल्के, प्रचार प्रसार मंत्री राजेंद्र हाथीमारे, जे एल बनोटे, सेक्टर प्रभारी जे एल जिजोते, अशोक रामटेके ,चंदन लाल लिल्हारे,महिला प्रकोष्ठ श्रीमती उमा ताई मेश्राम, श्रीमती राजकुमारी उके, कार्यालय सहायक उमराव पालेवार, राधे लाल सोनवाने, मुरलीधर ठाकरे, हरिदास मेश्राम, एन एल निकूसे, एम आर बागडे, बी आर डोंगरे, बिरनलाल भीमटे, घनश्याम मानेश्वर,हरिश्चंद्र पटले, काशीराम रावते, चंदन लाल लिल्हारे, देवेंद्र पाण्डेय ,विजय कुमार अमरकर, अशोक रामटेके, व्हाय आर भोयर , आर पी मिश्रा और भी अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**ग्रामवासियों ने 15 नवंबर को मूर्ति स्थापना व जन्मजयंती धूमधाम से मनाने का लिया संकल्प**

# दुलापुर में श्रद्धा से मनाया गया धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लाजी क्षेत्र के ग्राम दुलापुर के आखर चौक में 9 जून को सगा समुदाय और ग्रामवासियों की उपस्थिति में महान जननायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला।अन्य वक्ताओं ने देशहित और आदिवासी समाज के लिए बिरसा मुंडा जी के कार्यों, त्याग और आंदोलन की जानकारी देते हुए युवाओं को उनके मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

वक्ताओं ने कहा कि भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे आदिवासी प्रणेता और लोकनायक थे जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया।

1894 में छोटा नागपुर में मानसून असफल होने से फैले भयंकर अकाल और महामारी के समय बिरसा मुंडा ने पूरे मनोयोग से अपने लोगों की सेवा की। उन्होंने उन समाजजनों को जागरूक किया जो हैजा, चेचक, सांप के काटने और बाघ के हमले को ईश्वर की मर्जी मानते थे। उन्होंने सिखाया कि बीमारियों से कैसे लड़ा जाता है और स्वच्छता व उपचार क्यों जरूरी है। इसी सेवा भाव से वे अपने क्षेत्र में ₹धरती आबा₹ यानी ₹धरती पिता₹ कहलाए।

आदिवासियों के अधिकार, स्वाभिमान, स्वतंत्रता और संस्कृति की रक्षा के लिए 'अबुआ दिशूम-अबुआ राज' यानी ₹हमारा देश, हमारा राज₹ का नारा देने वाले लोकनायक बिरसा मुंडा के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उलगुलान आंदोलन के प्रणेता इस सच्चे सपूत की याद सदैव हमारे दिलों और विचारों में जिंदा रहेगी।

कार्यक्रम के अंत में समस्त ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना और उनकी जन्मजयंती का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा।

कार्यक्रम में ग्राम दुलापुर के सरपंच ताराचंद कुचलाहे, सुखदेव बड़गैया, आदिवासी माना समाज दुलापुर के अध्यक्ष ऋषिराम चौके, सचिव संजय धारने, सदस्य सालिकराम नारनौरे, पतिराम वाकड़े, अतुल हनोते, भावजी नारनौरे, हिराल नारनौरे, संजय हनोते, धर्मेंद्र धारने, लोकराम चौके, संतोष धारने, श्यामराज गुर्दे, ऋषिकेश घोरमारे, टूमन लाल घोरमारे, दिनेश धारने, बेनिराम धारने, फागुराम चौधरी, हरिचंद नारनौरे उपस्थित रहे।मातृशक्ति में श्रीमती ललिता धारने, गीता धारने, लता नारनौरे सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

मांगा जा रहा 600 रूपये महीना, स्टाम्प वेंडरों के साथ अभद्रता, विद्युत मीटर के तारों को फेंका

# बार काउंसिल अध्यक्ष पर अवैध वसूली का आरोप

## अधिवक्ता और स्टाम्प वेंडर के बीच तनातनी का माहौल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में न्यायालय परिसर के पास अधिवक्ता और स्टाम्प वेंडर आमने-सामने आ गए हैं। गुरुवार को दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद स्टाम्प वेंडरों ने बार काउंसिल अध्यक्ष पर वसूली का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

स्टाम्प वेंडर संघ के कोषाध्यक्ष दिनेश बोहरे ने बताया कि बार काउंसिल अध्यक्ष प्रवेश मलेवार ने कचहरी से सटे बस स्टैंड परिसर में काम कर रहे वेंडरों के साथ अभद्रता की। उन्होंने लाइसेंस पूछा और कथित तौर पर प्रति स्टाम्प वेंडर 600 रुपए की मांग की।

बोहरे के अनुसार, कुछ वेंडरों ने डरकर यह राशि दी भी है। मलेवार पर बिजली कनेक्शन काटने का भी आरोप है। वेंडरों का कहना है कि अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने इससे पहले भी ऐसा किया है और उनके कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर स्टाम्प वेंडरों ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रवेश मलेवार ने स्टाम्प वेंडरों के सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि नामांतरण और 18/4 जैसे दस्तावेजों के लिए अधिवक्ता की आवश्यकता होती है, लेकिन स्टाम्प वेंडर बिना अधिवक्ता के ही तहसील न्यायालय में आवेदन कर यह काम कर रहे हैं।

मलेवार के अनुसार, 18/4 के दस्तावेज में अधिवक्ता का वकालतनामा लगाना अनिवार्य है, फिर भी स्टाम्प वेंडर सीधे तहसील न्यायालय में आवेदन लगा रहे हैं, जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मुद्दे पर पहले भी स्टाम्प वेंडरों से चर्चा की गई थी, लेकिन वे बिना अधिवक्ता की जानकारी के नामांतरण और 18/4 के दस्तावेज पेश करना जारी रखे हुए हैं।

# सरकारी चावल से भरे दो ट्रक लापता, एथेनॉल प्लांट के नाम पर हेराफेरी की आशंका, दो एजेंट फरार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट से छिंदवाड़ा के एथेनॉल प्लांट के लिए भेजे गए सरकारी चावल से भरे तीन ट्रकों में से दो ट्रक रहस्यमयी ढंग से गायब हैं। यह चावल 3 जून को बालाघाट के एफसीआई गोदाम नवेगांव से रवाना किया गया था। इनमें से एक ट्रक वारासिवनी की संचेती राइस मिल में खड़ा मिला था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।**

जब्त किए गए ट्रक (सीजी-04-जेडी-3147) में 490 बोरियों में कुल 242 क्विंटल 55 किलोग्राम चावल भरा हुआ था। बाकी के दो ट्रक कहां गए, इसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस बड़ी हेराफेरी को लेकर खाद्य विभाग की टीम ने संचेती राइस मिल के मालिक सौरभ संचेती, एथेनॉल प्लांट के अधिकृत प्रतिनिधि राहुल प्रताप और ट्रक ड्राइवर दुर्गेश शेंद्रे के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया है।

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि गायब हुए दोनों ट्रकों की तलाश की जा रही है।



एसआईटी और खाद्य विभाग के अफसरों ने छिंदवाड़ा स्थित एथेनॉल प्लांट का मुआयना करके वहां से जरूरी कागजात और सीसीटीवी की डीवीआर जब्त कर ली है। साथ ही प्लांट के रिकॉर्ड को सील कर दिया गया है ताकि कोई सबूतों से छेड़छाड़ न कर सके।

एसपी मिश्रा ने बताया कि एथेनॉल प्लांट के दो एजेंटों के नाम सामने आए हैं, जो फिलहाल फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। दूसरी तरफ, एफसीआई भोपाल की टीम भी इस घोटाले की जांच में जुटी है, जबकि दिल्ली मुख्यालय से भी इस पर नजर रखी जा रही है।

अब तक दोनों ट्रकों का पता न चलने से यह आशंका पक्की होती जा रही है कि गायब चावल को रास्ते की ही किसी राइस मिल में उतार दिया गया है। जानकारों का कहना है कि यह जिले का पहला और अनोखा मामला है। अगर इसकी पूरी कड़ाई से जांच हुई, तो गरीबों के हक के राशन के चावल की हेराफेरी और एथेनॉल प्लांट के नाम पर चावल की रीसाइक्लिंग का एक बहुत बड़ा रैकेट बेनकाब हो सकता है। इस जांच की आंच न केवल राइस मिल मालिकों बल्कि खाद्य विभाग और एफसीआई गोदाम के बड़े अफसरों तक भी पहुंच सकती है।

# पेट्रोल पंप विवाद में युवकों ने घर में घुसकर पीटा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट के वारासिवनी में एक पेट्रोल पंप पर हुए विवाद के बाद गुरुवार को कुछ युवकों ने एक युवक के घर में घुसकर मारपीट की। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**



यह घटना गुरुवार दोपहर को हुई, जब आधा दर्जन से अधिक युवक लोहे की रॉड लेकर वारासिवनी निवासी मोनेश्वर बोपचे के घर पहुंचे। उन्होंने मोनेश्वर के साथ मारपीट की, जिससे उनके पैर और पीठ में चोटें आईं। मोनेश्वर ने बताया कि आरोपियों ने उनसे रिपोर्ट वापस लेने को कहा और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। बुधवार देर रात कोस्ते रोड स्थित वेद पेट्रोल पंप पर डंपर के सामने वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ था। डंपर चालक ने वाहन हटाने को कहा तो कुछ युवकों ने उसके साथ बदतमीजी की। संतोष बिसेन ने इसका विरोध किया, जिसके बाद युवकों ने अपने साथियों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की थी। संतोष बिसेन ने इस घटना की शिकायत वारासिवनी पुलिस में दर्ज कराई थी। मोनेश्वर बोपचे की शिकायत पर पुलिस ने सिकंद्रा निवासी सुमित नगपुरे, अभय मात्रे, आशीष कावरे और दामेन्द्र चौधरी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि इस घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# इंजीनीरिंग के छात्र ने फांसी के फंदे पर झूलकर कर ली आत्महत्या

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जिले के सरदार पटेल विश्वविद्यालय में माइनिंग इंजीनियरिंग के छात्र शुभम पिता जगदीश ढेकवार (24) ने अपने घर में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार देर शाम भरवेली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 18, पंवारी मोहल्ला में हुई।**



जब परिजन घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर के दोनों दरवाजे बंद थे। मां ने खिड़की से देखा तो शुभम फांसी पर लटका हुआ था। शरीर में हलचल देखकर पिता ने तत्काल दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा। अस्पताल ले जाने के लिए घर से बाहर निकालते ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना देर शाम पुलिस को मिली। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन रात होने के कारण शव को घर पर ही रखा गया। गुरुवार को पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया है कि घटना के दिन शुभम घर में अकेला था। उसके पिता मजदूरी करने गए थे, जबकि भाई शिवम मां के साथ मामा के गांव गया हुआ था। भाई गोल्डी ढेकवार ने बताया कि शुभम माइनिंग की पढ़ाई कर रहा था, लेकिन उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका उन्हें कोई अंदाजा नहीं है। भरवेली थाना के एएसआई अनिल मड़ामे ने बताया कि घटना का कारण अज्ञात है। इस मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। युवक की मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही सामने आ पाएगी।

# एसडीएम ने जनकल्याण शिविर में सुनी जनता की समस्याएं, निराकरण करने के दिए दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज बिरसा।

शासन के मंशानुसार जनकल्याण शिविर का नगर पालिका मलाजखंड के परिसर में 11 जून गुरुवार को एसडीएम अर्पित गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें अनुभागीय राजस्व अधिकारी ने जनता की समस्याएं सुनी। साथ ही समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि को निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जिसमें कृषि विभाग के द्वारा रागी, अरहर का बीज कृषक विजय वलके, जानकी प्रसाद ठाकरे, संत कुमार रामटेके, उमेश कटरे, युवराज कटरे, कृष्ण मुरारी मरावी, रूपलाल कटरे को बीज दिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष मानसिंह मरावी पार्षद मधु सेंद्रे , राजेंद्र राहगंडाले, सुबेदार, सुरेश पटले, मंडल अध्यक्ष सुनील राहगंडाले, चित्रिव ठाकरे , राजस्व विभाग से तहसीलदार राजू नामदेव, सीएमओ दिनेश बाघमारे, जनपद सीईओ नितिन भट्ट, नायब तहसीलदार, सब इंजीनियर हिमाशी बैस, रतनसिंह धुर्वे कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी योगेश वाहने, कृषि विस्तार अधिकारी पूनम तुरकर की उपस्थिति में रागी, अरहर का बीज बांटा गया इसके साथ ही क्रृषि विभाग द्वारा डीएसआर पद्धति, एआईएफ और विभाग में आए बीज कोदो, कुटकी, रागी, अरहर और धान बीज के बारे में किसान भाई को अवगत कराया गया। किसान भाइयों को समझाइश दी गई की संबंधित बीज की बोनी के बाद गिरदावरी में पटवारी जरूर दर्ज करवाएं। क्योंकि इसी आधार पर शासन फसल की ख़रीदी समर्थन मूल्य पर करता है। साथ में सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी हितग्राहियों को दी गई । जिसमें ऊर्जा विभाग, उद्यानिकी विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग , लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग भी शामिल रहा और लोगों की समस्याओं से अवगत होकर उन समस्याओं का समाधान भी किया गया।

## लोकपथ ऐप से सड़क संबंधी शिकायतें दर्ज करना हुआ आसान

**बालाघाट।** सड़क अधोसंरचना को बेहतर बनाने तथा नागरिकों की सहभागिता से सड़क संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोकपथ (Lok Path) मोबाइल ऐप संचालित किया जा रहा है। इस ऐप के माध्यम से नागरिक सड़क पर गड्ढों, क्षतिग्रस्त मार्गों एवं सड़क सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं की शिकायत सीधे संबंधित विभाग तक पहुंचा सकते हैं। बालाघाट जिले के नागरिकों से लोकपथ ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की गई है। ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करना बेहद सरल है।

# बालाघाट नपा कार्यालय में आज जनकल्याण शिविर

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होगा लोक कल्याण मेला एवं जनकल्याण शिविर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री के रूप में जनकल्याण एवं सुशासन के नए आयाम स्थापित करने के उपलक्ष्य में, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में 12 से 18 जून तक जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 जून को सुबह 10 बजे से नगर पालिका परिषद बालाघाट कार्यालय में लोक कल्याण मेला, स्वनिधि महोत्सव एवं जनकल्याण शिविर आयोजित होगा।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश के गरीब, वंचित, किसान, महिला, युवा एवं छोटे व्यवसायियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की गई हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के मकान मिले हैं, प्रधानमंत्री जनधन योजना ने देश के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाकर प्रत्येक योजना का आर्थिक लाभ सीधे उनके खातों में मिल रहा हैं तथा कोरोना महामारी के कठिन दौर में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने रेहड़ी-पटरी एवं स्ट्रीट वेंडर व्यवसायियों को आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उन्होंने बताया कि इसी जनकल्याणकारी सोच को आगे बढ़ाते हुए आयोजित किए जा रहे शिविर में पात्र हितग्राहियों के आवेदन, पंजीयन, स्वीकृति एवं लाभ वितरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही लंबित प्रकरणों एवं जन शिकायतों का त्वरित निराकरण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

**पीएम स्वनिधि सहित विभिन्न योजनाओं के लिए होंगे आवेदन:** शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत नवीन आवेदन लिए जाएंगे। साथ ही पात्र हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड वितरण, डिजिटल एक्टिवेशन तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**एक ही स्थान पर मिलेगी विभिन्न योजनाओं की सुविधा:** नपाध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने बताया कि शिविर में स्वच्छ भारत मिशन (व्यक्तिगत शौचालय), सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन वितरण एवं अन्य केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जाएगा। नागरिकों को एक ही स्थान पर आवेदन, पंजीयन एवं सेवा वितरण की सुविधा उपलब्ध होगी।उन्होंने नगरवासियों एवं पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें तथा विकसित भारत एवं विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने में सहभागी बनें।

# डीजल-पेट्रोल वितरण पर प्रशासन सख्त, किसानों के नाम पर कालाबाजारी रोकने घर-घर होगी जांच

## 50 लीटर से अधिक डिब्बे में ईंधन बिक्री पर कार्रवाई तय, स्टॉक छिपाने और विक्रय रोकने वालों पर भी गिरेगी गाज

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर बनी परिस्थितियों के बीच जिला प्रशासन ने ईंधन वितरण व्यवस्था पर सख्ती बढ़ा दी है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार द्वारा पेट्रोल पंपों के निरीक्षण के दौरान संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसानों को आवश्यकता अनुसार 20 से 50 लीटर तक डीजल डिब्बे में दिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए किसान का नाम, पता, मोबाइल नंबर, वाहन नंबर तथा डीजल के उपयोग का उद्देश्य दर्ज करना अनिवार्य होगा। यह पूरी जानकारी पेट्रोल पंप संचालकों को अपने रिकॉर्ड में सुरक्षित रखनी होगी तथा प्रशासन को भी उपलब्ध करानी होगी।निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि पेट्रोल पंप संचालक अपने यहां 2,000 लीटर तक डीजल एवं 1,000 लीटर तक पेट्रोल रिजर्व स्टॉक के रूप में सुरक्षित रख सकते हैं। यह रिजर्व स्टॉक आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस, राजस्व विभाग, एम्बुलेंस सेवाओं, गंभीर मरीजों तथा अन्य आवश्यक प्रशासनिक कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकेगा।प्रशासन ने साफ किया है कि केवल रजिस्टर में नाम दर्ज कर देना पर्याप्त नहीं होगा। आवश्यकता पड़ने पर पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर प्रशासनिक दल संबंधित किसानों के घरों और खेतों तक पहुंचकर सत्यापन करेगा। जांच में यह देखा जाएगा कि किसानों द्वारा लिया गया डीजल वास्तव में कृषि कार्यों में उपयोग हो रहा है या नहीं। फर्जी किसानों के नाम पर एंट्री कर डीजल की कालाबाजारी या अवैध भंडारण की शिकायत मिलने पर जांच टीम मौके पर पहुंचकर पड़ताल करेगी।सूत्रों के अनुसार प्रशासन शीघ्र ही निगरानी दल गठित कर सकता है, जो संदेहास्पद मामलों की जांच करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों के नाम पर फर्जी एंट्री कर ईंधन की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अवैध बिक्री पर रोक लगाना है। यदि जांच में किसी पेट्रोल पंप संचालक या अन्य व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने चेतावनी दी है कि 50 लीटर से अधिक डीजल या पेट्रोल डिब्बों में विक्रय करना नियमों के विरुद्ध है। यदि किसी पेट्रोल पंप पर निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में ईंधन बिक्री या रिकॉर्ड में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित संचालक के विरुद्ध पेट्रोलियम नियमों एवं अन्य प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।



**स्टॉक होने के बावजूद बिक्री नहीं की तो भी होगी कार्रवाई:** प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों को यह भी स्पष्ट अल्टीमेटम दिया है कि यदि किसी पेट्रोल पंप पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं को ईंधन का विक्रय नहीं किया जाता है और इसकी शिकायत प्राप्त होती है, तो मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में कृत्रिम संकट उत्पन्न करना, स्टॉक छिपाकर रखना अथवा पेट्रोल-डीजल उपलब्ध होने के बावजूद उसका वितरण नहीं करना नियमों के विपरीत है। ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा। पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उपलब्ध स्टॉक की जानकारी नियमित रूप से प्रशासन को दें तथा आम नागरिकों, किसानों और आवश्यक सेवाओं को निर्धारित नियमों के अनुसार ईंधन उपलब्ध कराएं।वर्तमान में लालबर्रा क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर मिश्रित स्थिति बनी हुई है। कुछ पेट्रोल पंपों पर सीमित मात्रा में ईंधन उपलब्ध है, जबकि कई स्थानों पर वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आमजन की ओर से यह मांग भी उठ रही है कि प्रशासन पेट्रोल पंपवार उपलब्ध स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक करे, जिससे लोगों को ईंधन की तलाश में भटकना न पड़े और उपलब्ध स्टॉक का बेहतर उपयोग हो सके।प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि संकट की इस घड़ी में जमाखोरी, कालाबाजारी, फर्जी एंट्री, निर्धारित सीमा से अधिक डिब्बों में बिक्री तथा स्टॉक होने के बावजूद विक्रय रोकने जैसी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने गुरुवार को उद्यानिकी, पशु चिकित्सा सेवाएं, मत्स्योद्योग, सहकारिता एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में फल, सब्जी एवं फूलों की खेती की व्यापक संभावनाएं हैं तथा इन पर आधारित प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के एक किसान ने एक एकड़ क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई पद्धति से प्याज की खेती कर बेहतर परिणाम प्राप्त किए हैं। वहीं खैरलांजी क्षेत्र के एक किसान ने केले की खेती कर लगभग 250 क्विंटल उत्पादन का विक्रय किया है।पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने क्षीरधारा, हिरण्यगर्भा, डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना एवं डेयरी प्लस योजना के प्रभावी संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

ओरिएण्टल इंजीनियरिंग कॉलेज लालबर्रा (बालाघाट)
B.Tech
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
सिविल इंजीनियरिंग
मैकेनिकल इंजीनियरिंग
कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
Polytechnic
माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग
इलेकिट्रकल इंजीनियरिंग
सिविल इंजीनियरिंग
मैकेनिकल इंजीनियरिंग
कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
Balaghat Road Lalburra,Teh, Lalburra, Dist. Balaghat M.P. 9202131331, 9202121331

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
लालबर्रा रोड नर्स बालाघाट फोन 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
दिगम्बर जैन मंदिर के पास मेन रोड बालाघाट फोन - 7999525911, 9425892823
BCA M.Sc.(CS)
DCA PGDCA
विशेषताएं:-

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111